**अनुक्रमांक** __________ **नाम** ____________

# 135 328 (CP)

# 2023
# गृह विज्ञान
## (Home Science)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट :**

प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 4 बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 5 से 9 अति लघु उत्तरीय हैं, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में लिखिए। प्रश्न संख्या 10 से 14 लघु उत्तरीय हैं, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 15 से 18 दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Nos. 1 to 4 are Multiple Choice Type. Question Nos. 5 to 9 are Very Short Answer Type to be answered in a maximum of 25 words each. Question Nos. 10 to 14 are Short Answer Type to be answered in a maximum of 50 words each and Question Nos. 15 to 18 are Long Answer Type which are to be answered in a maximum of 100 words each.

(iii) Marks allotted to the questions are mentioned against them.

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)
## (Multiple Choice Type Questions)

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से सही उत्तर छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

(क) वायु कोष पाये जाते हैं : **1**

(i) श्वास नली में

(ii) फेफड़ों में

(iii) हृदय में

(iv) वृक्क में

*Air sacs are found in:* **1**

(i) Wind pipe

(ii) Lungs

(iii) Heart

(iv) Kidney

(ख) ग्लाईकोजन संग्रहित होता है : **1**

(i) यकृत में

(ii) आमाशय में

(iii) पित्ताशय में

(iv) प्लीहा में

*Glycogen is stored in:* **1**

(i) Liver

(ii) Stomach

(iii) Gall bladder

(iv) Spleen

(ग) न्यूरान कहते हैं : **1**

(i) अस्थि कोशिका को

(ii) पेशी कोशिका को

(iii) तंत्रिका कोशिका को

(iv) रक्त कोशिका को

*Neuron is called:* **1**

(i) Skeleton cell

(ii) Muscle cell

(iii) Nerve cell

(iv) Blood cell

(घ) शरीर का कौन सा अंग श्वसन क्रिया और रक्त शुद्धिकरण दोनों में सहायक है ? **1**

(i) गुर्दा

(ii) आमाशय

(iii) फेफड़े

(iv) इनमें से सभी

*Which organ of the body helps in both respiration and purification of blood?* **1**

(i) Kidney

(ii) Stomach

(iii) Lungs

(iv) All of these

(ङ) हमें संतुलित आहार लेना चाहिए क्योंकि वह : **1**

(i) चटपटा होता है

(ii) स्वादिष्ट होता है

(iii) भोजन की सभी आवश्यकताएँ पूरी होती हैं

(iv) इनमें से सभी

*Balanced diet should be taken because:* **1**

(i) it is spicy

(ii) it is tasty

(iii) it provides all nutrients

(iv) all of these

**2.**

(क) पर्यावरण की रक्षा के लिए : **1**

(i) पेड़ लगाना चाहिए

(ii) नदियों को साफ रखना चाहिए

(iii) ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत प्रयोग करना चाहिए

(iv) इनमें से सभी

*To protect our environment:* **1**

(i) tree plantation should be done

(ii) rivers should be cleaned

(iii) alternative sources of energy should be used

(iv) all of these

(ख) यूनिसेफ का मुख्यालय कहाँ है ? **1**

(i) टोकियो

(ii) पेरिस

(iii) हनोई

(iv) न्यूयार्क

*UNICEF's headquarters is in:* **1**

(i) Tokyo

(ii) Paris

(iii) Hanoi

(iv) New York

(ग) अनुमस्तिष्क का कार्य है : **1**

(i) गंध ग्रहण करना

(ii) स्मृति

(iii) दृश्य संवेदनायें ग्रहण करना

(iv) शरीर का संतुलन

*The function of cerebellum is:* **1**

(i) receiving smell

(ii) memory

(iii) receiving visual senses

(iv) balancing the body

(घ) कान के अन्दर की हड्डी होती है : **1**

(i) मुग्दर (Malleus)

(ii) पैरिलिम्फ

(iii) एम्पुला

(iv) इसमें से कोई नहीं

*Bone which is present in ear is:* **1**

(i) Malleus

(ii) Perilymph

(iii) Ampulla

(iv) none of these

(ङ) पर्यावरण दिवस मनाया जाता है : **1**

(i) 1 जून को

(ii) 5 जून को

(iii) 12 जून को

(iv) 10 जून को

*Environment Day is celebrated on:* **1**

(i) 1st June

(ii) 5th June

(iii) 12th June

(iv) 10th June

**3.**

(क) तपेदिक रोग का लक्षण है : **1**

(i) लगातार खांसी

(ii) कमजोरी

(iii) बुखार रहना

(iv) इनमें से सभी

*The symptom(s) of tuberculosis is/are:* **1**

(i) frequent cough

(ii) weakness

(iii) having fever

(iv) all of these

(ख) आँख के किस बिन्दु पर स्पष्ट प्रतिबिंब बनता है ? **1**

(i) पीत बिन्दु

(ii) अंध बिन्दु

(iii) लेंस पर

(iv) कहीं पर भी नहीं

*Clear image is formed on which spot of eye?* **1**

(i) Yellow spot

(ii) Blind spot

(iii) Lens

(iv) None of these

(ग) रबीज किसके काटने से होता है ? **1**

(i) बिल्ली

(ii) कुत्ता

(iii) चूहा

(iv) सांप

*Which animal's bite spreads rabies?* **1**

(i) Cat

(ii) Dog

(iii) Rat

(iv) Snake

(घ) उचित समय पर टीकाकरण से : **1**

(i) रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है

(ii) शिशु मृत्यु दर कम होती है

(iii) बच्चे की जान को खतरा होता है

(iv) इनमें से कोई नहीं

*Vaccination given at the right time:* **1**

(i) decreases immunity

(ii) decreases rate of child mortality

(iii) insecures child's life

(iv) none of these

(ङ) संयुक्त परिवार के दोष हैं : **1**

(i) व्यक्ति के विकास में बाधा

(ii) मुखिया की तानाशाही

(iii) रूढ़िवादिता को प्रोत्साहन

(iv) इनमें से सभी

*Disadvantage(s) of joint family is/are:* **1**

(i) inhibits personal growth

(ii) domination of head of the family

(iii) encouragement of tradition

(iv) all of these

**4.**

(क) व्यक्तित्व को प्रभावित करने वाले पर्यावरण सम्बंधी कारक हैं : **1**

(i) घर परिवार का प्रभाव

(ii) शिक्षा तथा संस्कृति का प्रभाव

(iii) स्कूल का प्रभाव

(iv) इनमें से सभी

*Environmental factors that affect personality are:* **1**

(i) influence of family

(ii) influence of education and culture

(iii) influence of school

(iv) all of these

(ख) दहेज प्रथा समाप्त करने के उपाय हैं : **1**

(i) कठोर कानून व्यवस्था

(ii) अन्तर्जातीय विवाह को प्रोत्साहन

(iii) सामाजिक जागरूकता

(iv) इनमें से सभी

*Dowry system can be stopped by:* **1**

(i) strict implementation of law and order

(ii) encouraging intercaste marriage

(iii) social awareness

(iv) all of these

(ग) बच्चों में अस्थाई दाँतों की संख्या होती है : **1**

(i) 10

(ii) 15

(iii) 20

(iv) 25

*Number of impermanent teeth in children is:* **1**

(i) 10

(ii) 15

(iii) 20

(iv) 25

(घ) ध्वनि या शोर की तीव्रता का इकाई है : **1**

(i) कैलोरी

(ii) वाट

(iii) डेसीबेल

(iv) ग्राम

*Measurement of unit of intensity of sound is:* **1**

(i) calorie

(ii) watt

(iii) decibel

(iv) gram

(ङ) जीवन साथी का चुनाव करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिये ? **1**

(i) शारीरिक उपयुक्तता

(ii) चारित्रिक उपयुक्तता

(iii) शैक्षिक उपयुक्तता

(iv) इनमें से सभी

*Important things to consider, before selecting a life partner is:* **1**

(i) Good health

(ii) Good character

(iii) Good education

(iv) All of these

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Very Short Answer Type Questions)

**5.**

(क) किस पोषक तत्व से अस्थियाँ मज़बूत होती हैं ? **1** *Which nutrient makes our bones strong?* **1**

(ख) रक्त के कार्य लिखिए। **1** *Write the functions of blood.* **1**

**6.**

(क) किस आयु से शिशु को ठोस आहार देना चाहिए ? **1** *At what age solid food should be given to a child?* **1**

(ख) शरीर में त्वचा के कार्य लिखिए। **1** *Write the functions of skin in body.* **1**

**7.**

(क) किन्हीं चार संक्रामक रोगों के नाम लिखिए। **1** *Name any four infectious diseases.* **1**

(ख) रक्त अल्पता से आप क्या समझती हैं ? **1** *What is anemia?* **1**

**8.**

(क) पोषक तत्व क्या हैं ? **1** *What are nutrients?* **1**

(ख) बाल विवाह के दोष लिखिए। **1** *Mention the demerits of child marriages.* **1**

**9.**

(क) रोगी को देने वाले तरल पदार्थों के नाम लिखिए। **1** *Write the names of different liquid diets given to a patient.* **1**

(ख) पोलियो से बचाने के लिए भारत सरकार कौन-सी योजना चला रही है ? **1** *Government of India runs which scheme for the prevention of polio?* **1**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Short Answer Type Questions)

**10.**

(क) धमनी और शिरा में क्या अन्तर है ? **2** *What is the difference between artery and vein?* **2**

(ख) व्यायाम से क्या लाभ हैं ? **2** *What are the benefits of exercise?* **2**

**11.**

(क) एकाकी परिवार के लाभ बताएँ। **2** *Give the advantages of single family.* **2**

(ख) हमारे लिए जल की उपयोगिता क्यों है ? **2** *Why is water useful to us?* **2**

**12.**

(क) शिशुओं में मल-मूत्र की आदत डालना क्यों आवश्यक है ? **2** *Why is it necessary to inculcate toilet habits in an infant?* **2**

(ख) कृत्रिम श्वसन की कब आवश्यकता पड़ती है ? **2** *When do we use artificial respiration?* **2**

**13.**

(क) सन्तुलित व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए। **2** *Write the specialities of balanced personality.* **2**

(ख) मादक वस्तुओं का शरीर पर प्रभाव बताइए। **2** *Write the effect of narcotic elements on body.* **2**

**14.**

(क) बहरेपन के क्या कारण हैं ? **2** *What are the causes of deafness?* **2**

(ख) परिवार के प्रति व्यक्ति का क्या उत्तरदायित्व है ? **2** *What are the responsibilities of a person towards his family?* **2**

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)
## (Long Answer Type Questions)

**15.** संतुलित आहार के पोषक तत्वों के नाम लिखिए। किन परिस्थितियों के अनुसार भोजन में परिवर्तन होता है ? **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$**

**अथवा / OR**

शिशुओं के पाचन संबंधी रोग कौन से हैं ? किसी एक का लक्षण और उपचार बताइये। **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$** *Write the names of various nutrients present in balanced diet. Under which situations can diet be changed?* **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$**

*OR*

*What are the various digestive diseases of an infant? Write the symptom and treatment of any one.* **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$**

**16.** आपदाएँ किसे कहते हैं ? इनके प्रकारों का उल्लेख कीजिए। **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$**

**अथवा / OR**

हृदय की रचना सुंदर नामांकित चित्र द्वारा समझाइए। **3 + 2 = 5** *What are disasters? Explain their types.* **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$**

*OR*

*Describe the structure of heart with the help of a well labelled diagram.* **3 + 2 = 5**

**17.** किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए : **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$**

(क) शिशु की देखभाल

(ख) एकाकी परिवार की समस्याएँ

(ग) दृष्टि के सामान्य दोष

**अथवा / OR**

खसरा का कारण, लक्षण एवं उपचार लिखिए। **5** *Write notes on any two:* **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$**

(a) Care of baby

(b) Problems of a nuclear family

(c) General problems of vision

*OR*

*Write the cause, symptom and treatment of measles.* **5**

**18.** शिशुओं में नैतिक मूल्यों की शिक्षा अति आवश्यक है। क्यों ? विस्तार से लिखिए। **5**

**अथवा / OR**

पर्यावरण प्रदूषण का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? सविस्तार समझाइए। **5** *It is very important to inculcate moral values in children. Why? Write in detail.* **5**

*OR*

*What is the effect of environmental pollution on human life? Explain in detail.* **5**